प्रिलिम्स फैक्ट्स: 11 सितंबर, 2021

- [एटीएल स्पेस चैलेंज 2021]

ATL Space Challenge 2021

एटीएल स्पेस चैलेंज 2021

हाल ही में 'नीति आयोग' के 'अटल इनोवेशन मिशन' ने 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) और 'केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' के सहयोग से 'एटीएल स्पेस चैलेंज 2021' लॉन्च किया है।

- इससे पहले जून 2020 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिये अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने का फैसला किया था और साथ ही निजी कंपनियों को भारत की अंतरिक्ष अवसंरचना का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये एक नई इकाई-'भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र' (IN-SPACe) के निर्माण को मंज़ूरी दी थी।

प्रमुख बिंदु

- **एटीएल स्पेस चैलेंज 2021**
  - इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को एक स्वतंत्र मंच प्रदान किया जा सके, जहाँ वे डिजिटल युग से संबंधित अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी समस्याओं को हल करने हेतु स्वयं को नवाचार के लिये सक्षम कर सकें।
  - एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब्स) और गैर-एटीएल दोनों स्कूलों के छात्र अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं। इसके तहत स्कूल के शिक्षक, एटीएल प्रभारी और संरक्षक, छात्र टीमों का समर्थन करेंगे।
    - 'अटल टिंकरिंग लैब्स' पहल के तहत छात्रों को अपने विचारों को आकार देने और प्रयोगशालाओं में अभिनव प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये विशिष्ट प्रयोगशालाओं की स्थापना हेतु स्कूलों को अनुदान दिया जाता है।
  - यह विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 2021 के साथ संरेखित है, जो अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के योगदान के महत्त्व को रेखांकित करने हेतु प्रतिवर्ष 4-10 अक्तूबर तक मनाया जाता है।
  - यह ऐसे समय में शुरू किया गया है जब 'ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स' (विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा जारी) रैंकिंग में भारत के स्थान में बढ़ोतरी हेतु सरकार द्वारा कई प्रयास किये जा रहे हैं।
- **अटल इनोवेशन मिशन:**
  - 'अटल इनोवेशन मिशन' देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
  - इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये नए कार्यक्रमों और नीतियों को विकसित करना,

विभिन्न हितधारकों हेतु एक मंच और सहयोग के अवसर प्रदान करना, जागरूकता पैदा करना तथा देश के नवाचार
- पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी के लिये एक अम्ब्रेला संरचना का निर्माण करना है।
- **प्रमुख पहलें:**
  - अटल टिंकरिंग लैब्स: भारतीय स्कूलों में समस्या समाधान मानसिकता विकसित करना।
  - **अटल इनक्यूबेशन सेंटर:** विश्व स्तर पर स्टार्टअप को बढ़ावा देना और इनक्यूबेटर मॉडल में एक नया आयाम जोड़ना।
  - **अटल न्यू इंडिया चैलेंज:** उत्पाद नवाचारों को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों/मंत्रालयों की ज़रूरतों के अनुरूप बनाना।
  - **मेंटर इंडिया कैंपेन:** मिशन की सभी पहलों का समर्थन करने हेतु यह सार्वजनिक क्षेत्र, कॉरपोरेट्स और संस्थानों के सहयोग से एक राष्ट्रीय मेंटर नेटवर्क है।
  - अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर: टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देश के असेवित क्षेत्रों में समुदाय केंद्रित नवाचार एवं विचारों को प्रोत्साहित करना।
  - **लघु उद्यमों हेतु अटल अनुसंधान और नवाचार (ARISE):** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-11-september-2021